QUICK NEWS

रमजानुल मुबारक

रोजा-16
इफ्तारी
शाम 7.04 बजे (29 अप्रैल 21)
सहरी
सुबह 4 बजकर 44 मिनट
(30 अप्रैल 21)

कोरोना मरीजों को मुफ्त भोजन

मुंबई. इस समय जिस तेजी से कोरोना वायरस फैल रहा है और लोग हॉस्पिटल में है या घर पर क्वारंटाइन हैं. इसके लिए महेश्वरी परिवारों को उनको उनके घर तक खाना (Lunch/Dinner) निशुल्क पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है. इसके लिए ऐरोली, घणसोली, कोपर खैरने,वाशी, नेरुल, एनआरआई,सान पाड़ा, खारघर रोडपाली,नवी मुंबई तक के सभी महेश्वरी परिवार के महानुभाव इस सेवा का लाभ उठाने के लिए आप निम्न लोगो से संपर्क कर सकते हैं तरुणा अश्विन महेश्वरी 9820502118,अनिल मित्तल,पूर्णिमा चेचानी, सुमन गांधी ,किशोर से संपर्क कर सकते हैं।पूर्णिमा चेचानि ने बताया कि ये हमारी सेवा आगे भी चालू रहेगी ।ये सेवा 18 अप्रैल से लगातार चालू हैं, *गर्म खाने में रोटी, दाल, चावल, सब्ज़ी, आचार, सलाद Disposable thali पैकिंग में भेजा जा रहा हैं.

कोरोना के कारण चरमरा रही व्यवस्था

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. शिवसेना नेता एवं सांसद संजय राउत ने कहा है कि कोरोना के बढ़ते प्रकोप की वजह से देश की अर्थव्यवस्था के साथ ही सामाजिक एवं राजनीतिक तंत्र ढह रहे हैं.कोरोना ने देश को कम से कम 20 साल पीछे धकेल दिया है. इसके चलते भारत की साख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरी है.

राउत ने कहा, सीएम ठाकरे के कार्य अनुकरणीय

हालांकि उन्होंने कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए मुंबई मॉडल और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रयासों की प्रशंसा की है. राउत ने कहा कि इस मॉडल को देश के हर हिस्से में लागू करने की जरूरत है. शिवसेना नेता राउत ने कहा कि वैश्विक महामारी के कारण भारत कम से कम 20 साल पीछे चला गया है. मुझे नहीं पता कि पिछले पांच-दस साल में यह कितना आगे बढ़ था लेकिन देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था ढह गई है. अब केवल अस्तित्व का संघर्ष जारी है. हमें दोबारा खड़े होने के लिए बड़ी लड़ाई लड़नी होगी.उन्होंने कहा कि लॉकडाउन लगाने की वजह से मुंबई में मामले घटे हैं और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हर वक्त प्रयास किए जा रहे हैं. राउत ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ग्रामीण स्तर पर भी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं.

पूरे देश में लागू हो मुंबई मॉडल

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित हर व्यक्ति, चाहे सरकार हो या प्रशासन, पूरी ताकत के साथ काम कर रहा है. देश में कोविड-19 की स्थिति को 'गंभीर बताते हुए राउत ने कहा कि कुछ राज्य पर्याप्त जांच नहीं कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों में कोविड-19 के मामले अचानक से बढ़ रहे हैं और पश्चिम बंगाल में भी वृद्धि हो रही है. राउत ने कहा, लेकिन मुंबई जैसे बड़े शहर में हमने देखा है कि संख्या लगभग आधी हो गई है.

दादर पश्चिम स्थित पुरातन भास्कर गावड मारुति मंदिर में भगवान हनुमान जन्मोत्सव मनाती महिलाएं.

चीनी के वैश्विक दाम 4 साल की ऊंचाई पर

90% तक महंगी हुई विगत 12 महीनों में | **10%** की मामूली तेजी भारत में | **21%** बढ़ा घरेलू उत्पादन | भारतीय बाजारों में 'कड़वी' नहीं होगी शक्कर

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. वैश्विक कमोडिटी बाजारों में अन्य जिंसों के बाद चीनी में भी तेजी जोर पकड़ रही है. प्रमुख उत्पादक देशों में उत्पादन घटने की आशंका और सट्टेबाजी के चलते चीनी की वैश्विक कीमतें 4 साल की ऊंचाई पर पहुंच गयी है. अमेरिका में मंगलवार को चीनी का मई वायदा भाव 17.73 सेंट प्रति पाउंड पर पहुंच गया, जो मई 2017 के बाद सर्वाधिक उच्च स्तर है. तेजी के इस दौर में विगत 12 महिनों में चीनी करीब 90% तक महंगी हो चुकी है. वैश्विक बाजारों में इतनी बड़ी तेजी के बावजूद भारतीय बाजारों में खास तेजी नहीं है और कीमतों में 8 से 10% की मामूली तेजी ही आई है. मुंबई में थोक दाम 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल की रेंज में हैं. जबकि रिटेल दाम 40 रुपए प्रति किलो के आस-पास हैं.

घरेलू कीमतों पर दबाव

संभवत: चीनी ही एक ऐसी कमोडिटी है, जिसमें विगत 12 महीनों के दौरान वैश्विक बाजारों में 90% तक की बड़ी तेजी आने के बाद भी भारतीय बाजार में दाम उस अनुपात में नहीं बढ़े हैं. मुंबई में चीनी की कीमतों में केवल 10% तक ही वृद्धि हुई है. इसके विपरीत खाद्य तेलों सहित अन्य कमोडिटीज में वैश्विक बाजार के अनुरूप ही यहां दाम बढ़ते जा रहे हैं. इसका मुख्य कारण है भारत में गन्ने और चीनी का जोरदार उत्पादन तथा चीनी मिलों के पास भारी स्टॉक जमा होना है. इस वजह से घरेलू कीमतों पर दबाव बना हुआ है.

वैश्विक उत्पादन घटने की आशंका

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक बाजारों में अन्य कमोडिटी की कीमतों में आ रही जोरदार तेजी का असर चीनी पर भी पड़ रहा है, लेकिन अब सबसे बड़े उत्पादक ब्राजील में खराब मानसून के कारण अगले सीजन में करीब 10% तक उत्पादन घटने की आशंका है. साथ ही इंडोनेशिया और यूरोप के अन्य देशों में भी उत्पादन कुछ कम रहने की संभावना जताई जा रही है. इस वजह से तेजी ने जोर पकड़ लिया है और कीमतें विगत 4 वर्षों की ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं. कीमतें मार्च 2020 में 9 सेंट तक गिरने के बाद बढ़ती हुई अब 17 सेंट प्रति पाउंड के पार हो गयी हैं. विश्लेषक तेजी का यह दौर इस साल जारी रहने की उम्मीद जता रहे हैं.

भारत में ज्यादा तेजी की आशंका नहीं

भारत में इस साल 15 अप्रैल 2021 तक 170 चीनी मिलों ने 24.82 मिलियन टन चीनी का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21% अधिक है. देश में कुल उत्पादन 30.20 मिलियन टन रहने का अनुमान है. महाराष्ट्र का उत्पादन तो पिछले साल के 6.20 मिलियन टन से बढ़कर 11 मिलियन टन रहने की उम्मीद है. इस साल घरेलू खपत और निर्यात के बाद देश में शेष स्टॉक 7.6 मिलियन टन रहने की संभावना है, जिसकी वजह से घरेलू बाजारों में कीमतों पर दबाव बना रहेगा और अभी तक ज्यादा तेजी की कोई आशंका नहीं दिखाई दे रही है.

बढ़ने लगा निर्यात व्यापार

वैश्विक तेजी से भारतीय चीनी उद्योग के दिन अवश्य फिर रहे हैं. क्योंकि वैश्विक बाजार में मांग बढ़ने से देश का चीनी निर्यात बढ़ रहा है और सरकार भी मिलों को सब्सिडी देकर निर्यात को बढ़ावा दे रही है. इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के मुताबिक, इस सीजन में अब तक चीनी मिलें 52 लाख टन के निर्यात सौदे कर 33 लाख टन निर्यात कर चुकी है. सबसे ज्यादा निर्यात इंडोनेशिया, अफगानिस्तान और थाइलैंड को हो रहा है. इस साल कुल 70 लाख टन निर्यात होने का अनुमान है. इसके अलावा केंद्र सरकार सब्सिडी देकर इथेनॉल उत्पादन को भी बढ़ावा दे रही है. सरकार पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 8 से बढ़ाकर 20% करना चाह रही है. इससे भी चीनी कंपनियों का मुनाफा बढ़ने लगा है.

रिक्शा चालक हुआ गिरफ्तार

रेमडेसिविर के चक्कर में तोड़े दर्जनों मेडिकल स्टोर के ताले

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. कंदीवाली पुलिस ने एक ऐसे ऑटो रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है जो बोरीवली से लेकर बांद्रा तक के दर्जनों मेडिकल स्टोर्स में कोरोना की दवाई रेमडेसिविर इंजेक्शन की तलाश में ताले तोड़ चुका है. उसे किसी भी मेडिकल में रेमडेसिविर तो नहीं मिली, लेकिन उक्त रिक्शा चालक कांदिवली पुलिस के हत्थे जरुर चढ़ गया. उसके पास से 1 ऑटो रिक्शा और 2 कटर जब्त किया गया है.

आरोपी है कोरोना संक्रमित

कांदिवली पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी की तलाश मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी की मदद से की जा रही थी. इसी दरम्यान कांदीवली पुलिस की पुलिस इंस्पेक्टर दीपशिखा वारे के नेतृत्व में एपीआई सुर्या पवार और उनकी टीम ने अंधेरी (प.) के ओशिवरा पुलिस स्टेशन की हद में आरोपी के लोकेशन की जानकारी मिली थी. इसी के आधार पर आरोपी को 25 अप्रैल को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 एम.एच.02 डी के 4194 नंबर की ऑटो रिक्शा और 2 कटर जब्त किया गया है.

सीनियर पीआई कांदिवली बाबा साहेब सालुंखे ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सिर्फ कोरोना की दवाई रेमडेसिविर इंजेक्शन को उंचे दामों में बेचने के लिए मेडिकल स्टोर का ताला तोड़ कर वहां रेमडेसिविर इन्जेक्शन की तलाश करता था लेकिन उसको जब दवा नहीं मिलती थी तो दुकान में रखे पैसे लेकर निकल जाता था. आरोपी पर मुंबई के दर्जनों पुलिस स्टेशन में ऐसे ही चोरी के मामले दर्ज है.

166 निरंकारियों ने किया रक्तदान

मुंबई, कासं. संत निरंकारी मिशन की ओर से वर्ली स्थित आदर्श नगर म्युनिसिपल स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर में 166 निरंकारी भक्तों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया. संत निरंकारी रक्तपेढी द्वारा रक्त संकलन किया गया.



इस वर्ष मानव एकता दिवस पर देशव्यापी रक्तदान शिविरों की श्रृंखला का आयोजन कोरोना के कारण आई दिक्कतों के चलते नहीं किया गया था, फिर भी जहां-जहां जरूरत है और सम्भव हो रहा है, स्थानीय परिस्थिति के अनुसार वहां इस प्रकार से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. वरली का यह शिविर भी इसी का एक भाग था.रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्थानीय नगरसेविका तथा पूर्व उप महापौर हेमांगी वरलीकर ने किया. जबकि आशीष चेंबूरकर, (नगरसेवक एवं बेस्ट समिति के पूर्व अध्यक्ष) आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इस अवसर पर सुनील शिंदे, हरीश वरलीकर, सूर्यकांत कोली और सचिन जगदाले शामिल थे.

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉर्पोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021.
सूचना
[illegible] ... 205-206, [illegible] नई दिल्ली - 110055. ([illegible] sbi.igr@alankit.com) [illegible]
भारतीय स्टेट बैंक
[illegible]
दिनांक: 29.04.2021

इंडियन बैंक का BSNL-MTNL से करार

मुंबई, कासं. सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने दूरसंचार उपक्रमों भारत संचार निगम (बीएसएनएल) और महानगर टेलिफोन निगम (एमटीएनएल) की किफायती और अबाधित सेवाओं पर फिर भरोसा जताया है. इंडियन बैंक ने दोनों दूरसंचार कंपनियों के साथ आगामी 5 साल के लिए सहयोग समझौता करने की घोषणा की है.

5 साल लेगा लीज्ड लाइन

इस समझौते के तहत इंडियन बैंक मार्च 2026 तक पूरे देश में अपने वाइड एरिया नेटवर्क के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल से ही लीज्ड लाइन सर्विसेज लेगा. बीएसएनएल 2006 से ही बैंक को उसकी सभी शाखाओं और एटीएम के लिए लीज्ड लाइन सर्विस दे रहा है. इस सहयोग समझौते पर इंडियन बैंक के महाप्रबंधक दीपक सारदा और बीएसएनएल के महाप्रबंधक वी.एस. इलांतीराय ने हस्ताक्षर किए. इस मौके पर बैंक के कार्यकारी निदेशक के. रामचंद्रन और बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. वी. के. संजीवी भी उपस्थित थे.

अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का विस्तार



नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. उत्तर भारत की तरफ जाने वाली कुछ अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों के संचालन में विस्तार का निर्णय मध्य रेलवे ने लिया है.

01441 पुणे-लखनऊ स्पेशल (बुधवार) 5 मई तक विस्तारित, 01442 लखनऊ-पुणे विशेष (शुक्रवार) 7 मई तक विस्तारित, 01119 एलटीटी-लखनऊ स्पेशल (गुरुवार) 6 मई तक विस्तारित और 01120 लखनऊ-एलटीटी स्पेशल (शनिवार) 20 मई तक विस्तारित, 01445 पुणे-भागलपुर विशेष (गुरुवार) दिनांक 6 और 01446 भागलपुर-पुणे विशेष (शनिवार) 8 मई तक विस्तारित, 01203 एलटीटी- भागलपुर स्पेशल (शुक्रवार) 7 और और 01204 भागलपुर-एलटीटी स्पेशल (रविवार) 9 मई तक विस्तारित, 01453 पुणे-गोरखपुर स्पेशल (शुक्रवार) 7 और 01454 गोरखपुर-पुणे विशेष (रविवार) 9 मई तक विस्तारित. 01091 सीएसएमटी- दानापुर स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक) 10 तक और 01092 दानापुर-सीएसएमटी स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक) 11 मई तक विस्तारित, 01153 सीएसएमटी- दानापुर स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक) 8 और 01154 दानापुर-सीएसएमटी स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक) 9 मई तक विस्तारित.

सीएसएमटी,एलटीटी, दादर और पुणे से रवाना होने वाली पूरी तरह से आरक्षित विशेष ट्रेनों की विस्तारित ट्रिप्स के लिए बुकिंग विशेष शुल्क पर सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों एवं वेबसाइट www.irctc.co.in 29 अप्रैल को आरंभ होगी.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Original Agreement for Sale dated 13th December 1976 executed between M/s. Chandrika Estate Corpn. & Mrs. Usha Pawankumar Bhageria in respect of Unit No. A & Mrs. Santosh Vinodkumar Bhageria in respect of Unit No.B in Cottage No.4 in Rawood Park Co-op Housing Society Ltd constructed on piece and parcel of land bearing CTS No.88 at Rawoods, Lonavala, Behind Auxilium Convent School, Rawoods, Lonavala has been lost and not traceable by my clients Mrs. Usha Pawankumar Bhageria & Mrs. Santosh Vinodkumar Bhageria and my clients had already lodged a police complaint in the local police station for unavailability of abovementioned original Agreement.

All persons having any claim, objection or right in respect of the said Original Agreement for Sale and in respect of abovesaid premises by way of inheritance, share, sale, mortgage, lease, lien, license, gift, exchange, trust, charge, possession or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate to the undersigned in writing with the authenticated supporting documents within 14 days from the date of publication of this notice of his such claim, if any, failing which the claims, if any of such person/s shall be treated as waived and/or abandoned and not binding on my client and my client will be free to deal with abovementioned premises.

Sd/-
SUNIL H. JOSHI
Advocate High Court
7, K.M. Jhaveri Road, 1st floor
Mumbai-400 004.
Place: Mumbai
Date: 27th April 2021

256 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर्स मुंबई पहुंचे

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. भारत में कोरोना महामारी की विभीषिका को देखते हुए विश्व समुदाय की ओर से मदद मिलने लगे हैं. इसके तहत सिंगापुर एलाइंस के दो मालवाहक जहाजों के जरिए 256 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर्स मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे. इन कंसेंट्रेटर्स का वजन लगभग 5.5 टन है. एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार सुबह दूसरा जहाज 128 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर्स लेकर मुंबई पहुंचा. इससे पहले मंगलवार को पहला विमान रात्रि 10:10 बजे 128 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर्स के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड किया था. मुंबई एयरपोर्ट पर पहले से तैयारियां की गई थीं और दोनों जहाजों में आए हुए शिपमेंट को सिर्फ 15 मिनट में उतार लिया गया.

MAHAGENCO
E-TENDER NOTICE
Tender Specification No. CE(C)- III./H.O/Pr.& Fx. AC Unit & Computers work / Rfx.NO.3000018496, 3000018497.
The office of CE(C)-III, MSPGCL, and Prakashgad Mumbai is inviting tender for Providing & fixing AC Unit & PC Unit of Dir (OP), HSBC & CLA ,Cabin 2nd floor Prakashgad, Mumbai.
Contact Person- Superintending Engineer(c),O/oChief Engineer (Civil) -III, M.S.P.G. Co. Ltd., Mumbai Fax : (022) 26581469 Tel.No.022-26474211 ext. 2590, 26472131
For further details visit our Website
https://eprocurement.mahagenco.in
Agencies are requested to register themselves for this and future E-Tenders.

पूर्व सांसद गायकवाड़ का कोरोना से निधन

कांग्रेस ने अपना सच्चा सिपाही खो दिया

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद एकनाथ गायकवाड़ का बुधवार की सुबह निधन हो गया. वे 81 वर्ष के थे. कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद गायकवाड़ का मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इलाज चल रहा था. गायकवाड़ की बेटी वर्षा गायकवाड़ महाराष्ट्र सरकार में स्कूली शिक्षा मंत्री हैं. बुधवार की दोपहर 3.30 बजे चैत्यभूमि में एकनाथ गायकवाड़ का अंतिम संस्कार कर दिया गया. उनके निधन पर कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि एकनाथ गायकवाड़ के निधन से पार्टी ने अपना एक सच्चा सिपाही खो दिया है. उन्होंने कहा कि गायकवाड़ हमेशा लोगों की मदद के लिए उपलब्ध रहते थे.

कांग्रेस नेताओं ने जताया गहरा शोक

सिद्धांतों को कभी नहीं छोड़ा



पीडब्लूडी मंत्री अशोक चव्हाण ने कहा है कि वरिष्ठ नेता एकनाथ गायकवाड़ पार्टी का एक प्रमुख चेहरा थे. उन्होंने कहा कि गायकवाड़ ने जीवन भर कांग्रेस के समग्र दृष्टिकोण को बनाए रखा था. राजनीति में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों को कभी नहीं छोड़ा.

महाविकास आघाड़ी का मार्गदर्शक नेतृत्व चला गया



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि पूर्व सांसद गायकवाड़ के निधन से महाविकास आघाड़ी ने अपना मार्गदर्शक नेतृत्व खो दिया है. उन्होंने कहा कि वे समाज के वंचित और उपेक्षित लोगों के अधिकारों के लिए हमेशा लड़ते रहे. गायकवाड़, बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों के प्रति वफादार रहे और जीवन भर कांग्रेस की विचारधारा के प्रति निष्ठावान रहे.

जनता के प्रति समर्पित

एआईसीसी के सचिव व प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी आशीष दुआ ने कहा कि एकनाथ गायकवाड़ हमेशा जनता के प्रति समर्पित रहते थे. उन्होंने सिखाया कि किस तरह एक नेता अपनी पार्टी के सिद्धांतों को साथ लेते हुए निस्वार्थ भाव से हमेशा लोगों की सेवा में जुटा रहता है.

कई और नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



एकनाथ गायकवाड़ के निधन पर मुंबई कांगेस अध्यक्ष भाई जगताप, कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत, मुंबई कांग्रेस के सीनियर वायस प्रेसिडेंट गणेश यादव, महासचिव संदीप शुक्ला व मुंबई कांग्रेस के अल्पसंख्यक सेल के प्रमुख बब्बू खान समेत कई नेताओं ने भी गहरा शोक प्रकट किया है.

जनता के बीच रहने वाले नेता थे



राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभा के सदस्य के रूप में एकनाथ गायकवाड़ ने मुंबई और विशेष रूप से धारावी के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए. वे एक उदारवादी और हमेशा जनता के बीच रहने वाले नेता थे. गायकवाड़ के निधन के कारण जनता ने अपना नेता खो दिया है.

कोरोना से डर कर घर पर नहीं बैठूंगा

एकनाथ गायकवाड़ के निधन के बाद उनके करीबी नेताओं ने बताया कि हम लोगों ने कई बार उनकी उम्र की वजह से उन्हें घर पर आराम करने की सलाह देते थे, लेकिन उनका कहना था कि वे कोरोना के डर से जनता के बीच जाना नहीं छोड़ेंगे. पिछले साल मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने कोरोना संक्रमण के बीच लोगों की काफी मदद की थी. गायकवाड़ का कहना था कि जनता के बीच काम करते हुए उनकी जान भी चली जाती है तो उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं है.

जागरुकता विशेषज्ञ डॉक्टरों ने आम लोगों को चेताया

पहनें डबल मास्क, रहें सुरक्षित

विशेषज्ञों की राय

अरविंद सिंह @ नवभारत

मुंबई. डबल मास्क पहनने से ज्यादा सुरक्षा मिलती है. वैसे डबल मास्क पहनने में थोड़ी दिक्कत अवश्य होती है, खासकर उन्हें जो सांस की बीमारियों से पीड़ित होते हैं. लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि डबल मास्क पहनने से ज्यादा सुरक्षा मिलती है, क्योंकि सादे कपड़े से बने हुए मास्क में वायरस के प्रवेश की ज्यादा संभावनाएं होती हैं. विशेषज्ञों के अनुसार वायरस के हवा में तैरने जैसी कोई बात नहीं है. इतना जरूर है कि वातानुकूलित कमरे में संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खांसने से वायरस तेजी से फैलता है और काफी देर तक हवा में रहता है. एसी के कारण बहुत सारे डॉक्टर और नर्स भी संक्रमित हुए हैं.

घर में मास्क पहनना परिस्थितियों पर निर्भर

सुरक्षा की दृष्टि से डबल मास्क पहनना चाहिए. यदि मास्क अच्छी क्वालिटी का है तो सिंगल में भी कोई खतरा नहीं है, लेकिन सादे कपड़े वाला मास्क है तो डबल पहनना चाहिए.

घर में मॉस्क पहनने के संदर्भ में विशेषज्ञ एकमत नहीं हैं, कई विशेषज्ञों का मानना है कि घर हो या बाहर हर जगह पहनना चाहिए और कुछ विशेषज्ञ घर में मास्क पहनने का समर्थन नहीं करते हैं. डबल मास्क और घर में मास्क पहनने के संदर्भ में क्या कहना है विशेषज्ञों का. नवभारत ने कुछ विशेषज्ञों से उनकी राय जानने की कोशिश की.

हवा में वायरस तैरने जैसी कोई बात नहीं



एन 95 वाला मास्क है तो डबल पहनना जरूरी नहीं है, यदि सादे कपड़े का मास्क है तो डबल मास्क पहनना चाहिए. हवा में वायरस तैरने जैसी कोई प्रमाणिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन मास्क हमेशा पहनना चाहिए. घर में यदि कोई व्यक्ति संक्रमित है तो उसे अलग रूम में क्वारंटाइन होना चाहिए और अन्य सदस्य मास्क पहनें, लेकिन सामान्य स्थिति में घर में हमेशा मास्क पहनना मुश्किल होता है. इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि घर में भी सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे. कोशिश करें कि खाना खाते समय भी सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखें और खाते समय बातचीत ना करें. घर में खांसते या छींकते समय मुंह पर रुमाल अवश्य रखें.

- डॉ. वसंत नागवेकर, संक्रमण रोग विशेषज्ञ, ग्लोबल हॉस्पिटल.

एसी में संक्रमण का ज्यादा खतरा

डबल मास्क से सुरक्षा ज्यादा होती है. 6 फीट की दूरी बनाकर रहना चाहिए. यदि एन 95 वाला मास्क है तो सिंगल ही पहनना चाहिए. हवा में वायरस तैरने जैसी कोई बात तो नहीं है, लेकिन संक्रमित व्यक्ति के छींकने से थोड़ी देर हवा में संक्रमण अवश्य रहता है और यदि आस-पास कोई है तो उसे भी संक्रमण का खतरा रहता है. यदि वायरस हवा में तैरता तो किसी का बचना मुश्किल हो जाता. घर में किसी को संक्रमण के लक्षण दिखाई देते हैं तो सभी सदस्यों को मास्क पहनना चाहिए, खाना खाते समय भी दूरी बरकरार रखें.

-डॉ. बृजेश पांडेय, डायरेक्टर, यूनाइटेड हॉस्पिटल

डबल मास्क लगाना जरूरी



डबल मास्क लगाना बहुत जरूरी है, क्योंकि सिंगल मास्क की सेटिंग ठीक नहीं होती है, इसलिए डबल मास्क पहनने से वायरस अंदर नहीं प्रवेश कर पाता है. डबल मास्क में ज्यादा सुरक्षा रहती है. मैं करीब 4 महीने से डबल मास्क लगाने के संबंध में लोगों को सचेत कर रहा हूं. यही नहीं, सुरक्षा की दृष्टि से घर में भी मास्क पहनें.

डॉ. राहुल पंडित, फोर्टिस हॉस्पिटल